

**Long-Term Care Home Update** | *Community Newsletter* | Lakeridge Health

**मार्च 2021**

## वर्चुअल ओपन हाउस से मुख्य झलकियां

मार्च 18 को, Lakeridge Health ने निवासियों से सीधे संपर्क करने के लिए और नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम को प्रदर्शित करने के लिए Facebook Live पर एक वर्चुअल ओपन हाउस का आयोजन किया था।

Ajax और Durham Region के तकरीबन 80 निवासियों ने चर्चा में भाग लिया, और Lakeridge Health, PCL Construction, और G Architects की टीमों ने सभी को होम का एक वर्चुअल “वॉक थ्रू (विस्तृत वर्णन)” दिया।


चर्चा के मुख्य विषयों में निम्नलिखित शामिल थे:

- होम के फ्लोर प्लान की समीक्षा, जिसमें सुरक्षित और प्राकृतिक रूप से सुसज्जित बरामदे, आने-जाने में सहयोग देने के लिए ज्यादा चौड़े हॉलवे और सह-निवासियों और परिवार के साथ संपर्क करने और मिलने-जुलने के लिए सामाजिक स्थल शामिल हैं।

- संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण (IPAC) के बेहतर अभ्यासों की जानकारी, जिसमें प्रकोप का प्रबंधन करने के लिए होम के क्षेत्र के भीतर ही आने-जाने के लिए अलग-अलग स्वच्छ और अस्वच्छ रास्ते और 16 बिस्तरों का “समूह” शामिल है।

- हर महीने की निर्माण योजना और वर्तमान में निर्माणस्थल से अलग जगह पर बनाए जा रहे इमारत के मॉड्यूलर हिस्सों का प्रदर्शन।

- एक लाइव पॉल जिसमें भाग लेने वाले 98% लोगों ने इस बात पर सहमति जताई कि Durham को और अधिक दीर्घ-कालिक देखभाल होम चाहिए।




ओपन हाउस से स्क्रीनशॉट

## क्या आप वर्चुअल ओपन हाउस में भाग नहीं ले पाए?

यदि आप हमारे वर्चुअल ओपन हाउस में भाग नहीं ले पाए थे, तो आप उसकी रिकॉर्डिंग हमारी [वेबसाईट]() पर देख सकते हैं। नियमित ताज़ा जानकारी और भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के लिए, कृपया [www.lh.ca]() पर हमारी वेबसाईट पर आना जारी रखें।

## निर्माण में प्रगति तेज़ गति से चालू है

Ajax Pickering Hospital के बगल में फिलहाल निर्माणाधीन, Lakeridge Health के नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम के निर्माण का काम ज़ोरों में चल रहा है। पूरे फरवरी और मार्च के महीनों के दौरान निर्माण टीम ने आवश्यक उपयोगिता सेवाएं स्थापित करने, जैसे कि बिजली की आपूर्ति और Durham Region के मुख्य स्टॉर्मवाटर और सीवर लाइन के साथ जोड़ने का काम पूरा किया। इस महीने की शुरुआत में दो क्रेनें भी लाई गयीं और निर्माण टीम ग्राउन्ड फ्लोर की ज़मीन को पूरा कर के पहली मंजिल की दीवारें खड़ी करने का काम शुरू कर रही है।

निर्माण-स्थल पर, निर्माण के काम का समय काफी बढ़ा दिया गया है। अपनी चरम अवस्था में, इस परियोजना की एक शिफ्ट में 300 कुशल कारीगर काम करेंगे और पूरे दिन में 600 कुशल कारीगर इस परियोजना पर काम करेंगे। **कुल मिल कर इसका जोड़ प्रतिदिन के 4,800 कामकाजी घंटे बैठता है** और यह हमारे समुदाय और प्रांत की आर्थिक स्थिति को काफी बढ़ावा देता है।

मार्च 22 से, निर्माण-स्थल पर मौजूद हमारी टीमें सोमवार-से-शुक्रवार तक सुबह के 6:30 से आधी रात तक काम करेंगी, और शनिवार को सुबह 6:30 से लेकर शाम 5:00 तक काम करेंगी।

निर्माणस्थल पर होने वाले निर्माण के अलावा, निर्माणस्थल से अलग जगह पर इमारत के मॉड्यूलर भाग बनाए जा रहे हैं। हमारे निर्माण सहभागी, PCL, इमारत के कई पूर्वनिर्मित भागों के डिज़ाइन और स्थापन की देखरेख कर रहे हैं, जैसे कि भार सहन कर सकने वाले दीवार के पैनल सिस्टम, वॉशरूम में लगाए जाने वाले पॉडस और मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल वितरण प्रणाली।

इस तरह का मॉड्यूलर निर्माण और प्रतिदिन के इतने घंटे का काम, Accelerated Build Pilot Program का एक हिस्सा है और सख्त स्वास्थ्य, सुरक्षा और नए होम को पारंपरिक दीर्घ-कालिक देखभाल परियोजना की तुलना में और तेज़ी से निर्माण करने में मदद करता है।

विश्वास रखिए, कि हालांकि गति एक सर्वोच्च प्राथमिकता है, तब भी सभी स्टाफ और निर्माण कर्मचारी स्वास्थ्य, सुरक्षा और डिज़ाइन मानकों का कड़ाई से पालन कर रहे हैं।

## पार्किंग गराज का निर्माण शुरू होने की तैयारी

आगे की सोचते हुए, होम के पार्किंग गराज और अंदरूनी सड़कों के नेटवर्क का काम मार्च के अंत/अप्रैल की शुरुआत तक शुरू हो जाएगा। इस नए दीर्घ-कालिक देखभाल होम के कारण कम से कम 250 अतिरिक्त पार्किंग की जगहों की ज़रूरत पैदा होगी।

पार्किंग गराज और दोबारा बनाई गई सड़कें, दोनों ज़रूरी परिवर्धन हैं जो Ajax Pickering Hospital और उसके आस-पास यातायात की बढ़ी हुई मात्रा को पूरा करने और नई दीर्घकालिक देखभाल सुविधा और अस्पताल दोनों तक रोगी, आगंतुक, और कर्मचारियों की पहुंच बढ़ाने में सहायता करेंगे।

गराज और सड़कों के नेटवर्क को बनाने के लिए चरणों में निर्माण किए जाने की ज़रूरत है और इससे अंदरूनी सड़कों के विन्यास पर प्रभाव पड़ेगा और कुछ पेड़ हटाने पड़ेंगे। इस प्रयास को मार्गदर्शन देने के लिए, एक प्रमाणित स्थानीय वृक्ष संवर्धक को नियुक्त किया गया, जिससे यह पहचाना जा सके कि कौन से पेड़ सुरक्षित और संरक्षित किए जाने चाहिए। Town of Ajax से भी सलाह ली गई और निर्माण के लिए स्वीकृति पर्मिट प्राप्त किए गए। परियोजना को आगे बढ़ाते हुए, और किसी भी अतिरिक्त पेड़ पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

Lakeridge Health का पर्यावरण की स्थिरता और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने का एक लंबा इतिहास है और हम नए पेड़ लगाने को प्रतिबद्ध हैं, जो निर्माण का काम पूरा हो जाने के बाद क्षेत्र को बेहतर बनाएंगे।



## आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल

उन लोगों को धन्यवाद जो हमारे दीर्घ-कालिक देखभाल होम परियोजना के बारे में प्रश्नों और प्रतिक्रियाओं के साथ हमसे संपर्क कर रहे हैं। यहाँ पर कुछ आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब दिए गए हैं:

**प्र1. होम बन कर कब पूरा होगा और इसमें कितने बिस्तर होंगे?**

नया दीर्घ-कालिक देखभाल होम Ajax Pickering अस्पताल के बगल में, Harwood Avenue South और Clements Road West के उत्तर पश्चिमी कोने में स्थित है। 2021 के अंत तक इसके पूरे होने की संभावना है और इसमें 320 बिस्तरों की क्षमता होगी।

**प्र2. यदि मैं Ajax में रहता/ती हूँ, तो क्या मुझे नए होम में जगह मिलने की ज़्यादा संभावना है?**

जब नया होम शुरू होगा, तो इसमें प्रांत भर के सभी दीर्घकालिक देखभाल होम्स के जैसे, बेड सुरक्षित करने के प्रबंधन में लागू होने वाली प्रांतीय प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। Ontario के सभी पात्र निवासियों के लिए किसी भी सुविधा के प्रयोग के लिए प्रांतीय प्रशासित स्थापन प्रक्रिया द्वारा प्रवेश खुला है।

स्थापन प्रक्रिया में कई-भाग वाला आंकलन शामिल है, जिसमें एक देखभाल संयोजक द्वारा आंकलन भी शामिल है, जो मेडिकल हिस्ट्री का सटीक रिकार्ड दर्ज होना सुनिश्चित करता है और दीर्घ-कालिक देखभाल के लिए पात्रता निर्धारण में मदद करता है। प्रवेश के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया 310-2222 पर कॉल करें (एरिया कोड लगाने की जरूरत नहीं है)।

**प्र3. मुझे नए दीर्घ-कालिक होम में नौकरी कैसे मिल सकती है?**

जब नौकरी उपलब्ध होंगी, तब समुदाय को बताया जाएगा और नए होम में नौकरियों के लिए आवेदन देने के तरीके के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

**प्र4. मैं नए दीर्घ-कालिक होम को कोई उत्पाद या सेवा कैसे दे सकता/ती हूँ?**

जिस तरह का उत्पाद या सेवा प्रस्तावित की जा रही है, उसके आधार पर, सेवा या उत्पाद की खरीद, निर्माण के कान्ट्रैक्ट के अनुसार हमारे सामान्य ठेकेदार (PCL) द्वारा की जाती है या Lakeridge Health के मौजूदा खरीद प्रक्रिया के द्वारा होती है।

यदि आप Lakeridge Health के साथ वेंडर ऑफ रिकॉर्ड (खास विक्रेता) बनना चाहते हैं, तो कृपया हमारे खरीद संयोजक Plexxus, के पास रजिस्ट्रेशन करवाएं।

**प्र5. निर्माणस्थल के करीब रहने वाले लोगों तक पहुँचने वाले शोर को कम करने के लिए क्या किया जा रहा है?**

निर्माण टीम किसी भी तरह के शोर को कम करने या आस-पड़ोस पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने की पूरी कोशिश कर रही है। PCL ने कई योजनाओं को शुरू किया है जो शोर से संबंधित नियमों का पालन करती हैं:

- धूल पर नियंत्रण रखने के साथ, सभी स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने की योजना;
- डिलीवरी और पार्किंग दोनों के लिए निर्माणस्थल से आने और जाने वाले भीड़ को कम करने के लिए एक अलग यातायात नियंत्रण योजना; और,
- योजनाएं जो निर्माण से पैदा होने वाले शोर से संबंधित शोर के नियमों का पालन करती हैं।

इस महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित दीर्घकालिक देखभाल होम को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम करने के दौरान, हम निर्माणस्थल के बिल्कुल करीब रहने वाले लोगों की उदारता की सराहना करते हैं।

परियोजना का निर्माण कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए तेज़ी से चलाया जा रहा है कि यह नया होम 2021 के अंत तक बन कर तैयार हो जाए।

## आपको ताज़ा जानकारी से अवगत रखना

हम अपनी प्रगति के बारे में आपको नई और ताज़ा जानकारी इस न्यूज़लेटर और हमारी वेबसाईट के ज़रिए देना जारी रखेंगे।

किसी भी समय, यदि आपके कोई सवाल हों या आप अधिक जानकारी चाहते हों, तो कृपया 905-576-8711 एक्सटेंशन 34167 पर कॉल करें या, AjaxLTC@lh.ca पर ईमेल करें।

आप हमें Twitter and Facebook पर फॉलो भी कर सकते हैं।

## Durham समुदाय में जुड़ने वाली इस नई महत्वपूर्ण परियोजना में आपकी रुचि और सहयोग के लिए आपका बहुत धन्यवाद!